हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

11 यूरिया के विकल्प के रूप में देसी खाद को बढ़ावा...



12 बेमौसम बारिश, तेज हवा से फसल बर्बाद...



## हिन्दी, ब्रजभाषा और अवधी जैसी प्राचीन लोक भाषाओं में लिखी गई पांडुलिपि


# 266 वर्ष पुरानी दुर्लभ पांडुलिपि नारनौल में संरक्षित, 'ज्ञान भारतम सर्वे' से जगी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में 'ज्ञान भारतम सर्वे' का उल्लेख किए जाने के बाद देशभर में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और प्रलेखन को लेकर नई जागरूकता देखी जा रही है। इसी क्रम में हरियाणा के नारनौल से एक अत्यंत दुर्लभ और ऐतिहासिक पांडुलिपि सामने आई है, जिसे शिक्षाविद एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा वर्षों से सहेजकर रखे हुए हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार यह पांडुलिपि अत्यंत सुंदर हस्तलिपि में लिखी गई स्पष्ट, आकषर्क और संतुलित है। इसकी बाइंडिंग भी अत्यंत मजबूत और व्यवस्थित है, जो इसे और भी विशेष बनाती है।

### क्या है पांडुलिपि में?

डॉ. संजय शर्मा के अनुसार इस दुर्लभ पांडुलिपि में संत साहित्य का अद्भुत और विशाल संकलन मिलता है। इसमें संत दादू दयाल की वाणी और शब्दों की संख्या लगभग 5000 है। संत सुन्दरदास कृत ज्ञान समुद्र के लगभग 3300 सवैये, अटके और दोहे इसमें संकलित हैं। कबीरदास के भी 3000 दोहे इस ग्रंथ में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त किबतरबजी की लगभग 90 रचनाएँ, चरतग्रंथ से लगभग 233 पद, छीतरदास के 35 सवैये, गुणनामा ग्रंथ के 32 और मुखनामा ग्रंथ के 32 पद भी इसमें संकलित हैं। इन सबके अलावा भी अनेक संतों के पद, साखियां और जोड़े इस पांडुलिपि में समाहित हैं, जिससे कुल रचनाओं की संख्या लगभग 12,500 बनती है।



नारनौल। पांडुलिपि। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। पांडुलिपि को दिखाते डॉ. संजय शर्मा।

### 266 वर्ष पुरानी पांडुलिपि

डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि पांडुलिपि का लेखन काल सन 1760 प्रतीत होता है। यह विक्रमी संवत 1817, भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी माना जाता है, जो लगभग 25 सितम्बर 1760 के आसपास का समय दर्शाता है। इस प्रकार यह पांडुलिपि लगभग 266 वर्ष पुरानी है। *ग्रंथ में लिखा श्लोक : 'संवत अठारा सो गए, बरस सम सत्रह होई। भादव सुदी त्रयोदशी वार सुमंगल जोई।।'* इसकी पुष्टि करता है। इस पांडुलिपि में लेखक का नाम और स्थान भी अंकित है। एक दोहे में उल्लेख मिलता है। 'कोटा नगर निधान है, राम तलाई धाम, 'दामोदर' पोथी लिखी, गुरु श्री कृपा राम। यद्यपि आज 266 वर्षो बाद यह स्थान किसी अन्य जिले या प्रदेश का ही हिस्सा हो सकता है। डॉ. संजय शर्मा आगे बताते हैं कि इस दुर्लभ ग्रंथ में संत परंपरा की विस्तृत गुरु-शिष्य वंशावली भी मिलती है, जिसमें दादू दयाल से प्रारंभ होकर उनके शिष्य बाबा बनवारी दास, बाबा माधो दास, बाबा दया राम, मान दास, बाबा जसराम मस्त राम और बाबा माया राम तक की परंपरा का क्रमबद्ध उल्लेख मिलता है।

### भाषा और विषय-वस्तु की समृद्धता

यह पांडुलिपि हिन्दी, ब्रजभाषा और अवधी जैसी प्राचीन लोक भाषाओं में लिखी गई है। इसमें ऐसे अनेक शब्द मिलते हैं जो वर्तमान में प्रचलन में नहीं हैं। दोहों, साखियों, सवैया, छंद आदि का यह संग्रह भारतीय संत साहित्य की समृद्ध परंपरा को एक विशेष स्थान प्रदान करता है। इसी पांडुलिपि में संत दादू दयाल का एक अत्यंत अर्थपूर्ण जोड़ा भी मिलता है। *'यह जग जाता देखकर 'दादू' करी पुकार। घड़ी मुहूर्त का चालणा, राखै सिरजनहार।।'* जो इस ग्रंथ की आध्यात्मिक गहराई को और अधिक उजागर करता है।

### सरकारी संरक्षण की उम्मीद

डॉ. संजय शर्मा का कहना है कि उन्होंने इस पांडुलिपि को समझने और संरक्षित करने के लिए वर्षों से प्रयास किए हैं। कुछ अंशों का अनुवाद भी किया जा चुका है, लेकिन अभी भी व्यापक शोध की आवश्यकता है। उनका मानना है कि 'ज्ञान भारतम सर्वे'के अंतर्गत यदि इस तरह की धरोहरों को सरकारी संरक्षण और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिले, तो यह भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। वे इस पांडुलिपि को सौंपेंगे नहीं, लेकिन इसके डिजिटल करने के लिए जरूर सहमत हैं।

## खबर संक्षेप

### ओलावृष्टि से नुकसान के मुआवजे की मांग

**नारनौल।** किसान नेता बलबीर सिंह हरियाणा सरकार से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मांगी है कि किस जिले में अटेली वह कनीना क्षेत्र के आसपास दर्जनों गांवों में बेमौसमी भारी ओलावृष्टि व बरसात से गेहूं में सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इन गांव में इस नुकसान की तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर 50,000 रुपये प्रति एकड़ नुकसान का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सरकार से मांग की सरकारी एजेंसी द्वारा फसलों की खरीद में लगाई गई नई शर्तों जैसे ट्रैक्टर के नंबर आदि को वापस लिया जाए। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नांगल चौधरी मंडी में सरसों की आवक शून्य

**नांगल चौधरी।** मार्केट कमेटी के चेयरमैन रमाकांत शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में इस समय सरसों की आवक पूरी तरह शून्य बनी हुई है। इसका मुख्य कारण किसानों को उनकी उपज का दाम सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कहीं अधिक मिलना है। उन्होंने कहा कि किसानों का स्वाभाविक रुझान वहीं जाता है, जहां उन्हें बेहतर दाम मिलता है, इसलिए मंडी में सरकारी खरीद पूरी तरह ठप है। ओपन मार्केट में भावों की स्थिति बनी रही तो खरीद एजेंसी के हाथ सरसों नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर दाम मिलना सकारात्मक बात है, लेकिन इससे सरकारी खरीद व्यवस्था पर असर पड़ रहा है।

## टूटी सड़क से ग्राहकों की आवाजाही बाधित, दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट

# पुल बाजार से महावीर चौक तक की टूटी सड़क के विरोध में किया प्रदर्शन

**कांग्रेसियों ने प्रदर्शन उपरांत डीसी को सौंपा ज्ञापन प्रशासन से चरणबद्ध व रात में निर्माण की उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नवनिर्माण के लिए पुल बाजार से महावीर चौक तक की तोड़ी गई सड़क लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का सबब बन गई है। सड़क निर्माण के लिए पुरानी सड़क को एकमुश्त तोड़ दिए जाने से पूरा बाजार क्षेत्र अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क टूटने के कारण न केवल आवाजाही बाधित हो गई है, बल्कि दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। टूटी सड़क से वाहन तो दूर, पैदल लोगों का गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क तोड़ने से पानी लाइन, सीवर एवं नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सीवर की गंदगी मुख्य मार्ग में भरी पड़ी है, जिससे बदबू आती रहती है तथा मक्खी–मच्छर पनपने से महामारी फैलने का डर बन रहा है। इसी परेशानी के विरुद्ध में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से मुख्य बाजार में पुरानी कचहरी के समीप विरोध प्रदर्शन किया और सरकार व नप प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में लघु सचिवालय जाकर डीसी कैप्टन मनोज कुमार को एक ज्ञापन भी सौंपा।

गौर हो कि नगर परिषद इस मार्ग पर पिछले साल अधूरी रह गई सड़क को पूरा करना चाहती है। इससे पहले किला रोड स्थित बसंती देवी धर्मशाला के पास से आजाद चौक, मानक चौक होते हुए पुल तक सीसी सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन दीपावली और शादी सीजन शुरू होने के चलते व्यापारियों के अनुरोध पर निर्माण कार्य रोक दिया गया था। अब करीब पांच महीने बाद गत 5 मार्च से इस अधूरे कार्य को फिर शुरू किया गया है, लेकिन इस बार सड़क को चरणबद्ध तरीके से बनाने की बजाय एकसाथ पूरी सड़क को तोड़ दिया गया। सड़क तोड़े जाने के बाद पुल बाजार से महावीर चौक तक का क्षेत्र पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। यहां वाहनों की आवाजाही बंद हो चुकी है और दुपहिया वाहन भी मुश्किल से निकल पा रहे हैं। दुकानों तक ग्राहकों का पहुंचना बेहद कठिन हो गया है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक नहीं आने के कारण उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ गया है और कईयों के लिए परिवार का पेट भरना भी मुश्किल हो रहा है।



नारनौल। मुख्य बाजार की तोड़ी गई सड़क में भरी सीवर की गंदगी। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। टूटी सड़क के विरोध में मुख्य बाजार में लामबंद होते कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

### कांग्रेस बनी दुकानदारों की आवाज

दुकानदारों और आम लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी उनकी आवाज बनकर मैदान में उतर आई है। शुक्रवार को प्रातः करीब 11 बजे पार्टी नेताओं ने बाजार में प्रदर्शन कर नगर परिषद और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सत्यवीर झूकिया, किसान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर कृष्ण राव, प्रदीप यादव एडवोकेट, मंजीत यादव एडवोकेट, धीरज शर्मा और राज बडेसरा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान दुकानदारों ने पहले ही ठेकेदार और प्रशासन से मांग की थी कि सड़क को एक साथ तोड़ने की बजाय दो-तीन हिस्सों में बांटकर बनाया जाए, ताकि आवाजाही पूरी तरह बाधित न हो। सड़क निर्माण में कहीं भ्रष्टाचार भी न हो। इसके अलावा उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि निर्माण कार्य दिन की बजाय रात के समय किया जाए, जिससे व्यापार प्रभावित न हो, लेकिन उनकी इन मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। प्रदेश सरकार में जीतकर आए यहां के विधायक पिछले डेढ़ साल से कुछ नहीं कर पा रहे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



नारनौल। लघुसचिवालय में डीसी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी नेतागण। फोटो: हरिभूमि

### लघु सचिवालय जाकर दिया ज्ञापन

*प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता और दुकानदार लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने डीसी कैप्टन मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि निर्माण कार्य को व्यवस्थित तरीके से चरणबद्ध किया जाए और लोगों को हो रही परेशानियों का तत्काल समाधान किया जाए।*

### टूटी सड़क एवं गंदे सीवर से परेशानी

*स्थिति को और गंभीर बना रहा है टूटी सड़क में भरा गंदा पानी। क्षेत्र के कई सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं और क्षतिग्रस्त होने के कारण उनका गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है। इस गंदे पानी से बदबू फैल रही है और लोगों को इसी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, पानी की लाइनें और नल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे दूषित पानी घरों तक पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने महामारी फैलने की आशंका भी जताई है।*

### व्यापारियों में भी रोष

*वहीं, बाजार के दुकानदारों जैसे नरेश मित्तल और हंसराज सहित अन्य व्यापारियों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना है कि सड़क में अव्यवस्थित तरीके से पड़ी रोड़ियां और गड्ढों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई जगह लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। कुल मिलाकर, नवनिर्माण के इस कार्य ने बाजार की रफ्तार को पूरी तरह से थाम दिया है। जहां एक ओर नगर परिषद शहर के विकास की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिना योजना के किए जा रहे कार्यों ने आम लोगों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।*

### प्रदर्शनकारियों में यह रहे शामिल

*कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों में पूर्व चेयरमैन सुमेर कनीना, कवींद्र एडवोकेट, श्यामसुंदर सोनी, मैनपाल पटीकरा, नंदलाल यादव, वीरभान, राजीव, राजवती बडेसरा, राजवीर सिंह, डॉ. धीरज शर्मा, प्रो. राजवीर, रणवीर, अजीत यादव, गुलाब सिंह, गणेश सैनी, गौरीशंकर, गोबिंदराम, दीपक गर्ग समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।*



कनीना। मंडी में गेहूं के खरीद करते निरीक्षक प्रवीण कुमार व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## मदद के बहाने बुजुर्ग के रुपये लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलने के बावजूद ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला अटेली पंजाब नेशनल बैंक का है,जहां एक शातिर युवक ने 70 वर्षीय बुजुर्ग से करीब एक लाख रुपये ठग लिए। गांव तिगरा निवासी सेवानिवृत्त आर्मी कर्मी शीशराम पेंशन निकालने के लिए दोपहर करीब डेढ़ बजे बैंक पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक ने उन्हें बाबा कहकर मदद का भरोसा दिलाया और चेक भरने में सहायता करने लगा। उसने डेढ़ लाख रुपये का चेक भरवाकर उन्हें टोकन लाइन में खड़ा कर दिया। नंबर आने पर कैशियर ने शीशराम को 500-500 रुपये की तीन गड्डियां दीं। तभी युवक ने पैसे गिरने का झांसा देकर मदद के बहाने दो गड्डियां लेकर फरार हो गया, जबकि एक गड्डी बुजुर्ग के पास रह गई। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

## बाइक सवारों की गाय से भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**नांगल चौधरी।** वीरवार की देर रात नारनौल शादी समारोह से नांगल चौधरी लौट रहे बाइक सवारों की एक गाय से भिड़ंत हो गई। हाइसे में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, दूसरे की हालात नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद शहर में गम का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार नांगल चौधरी के वार्ड चार तारानगर निवासी रमेश सैनी उर्फ मामा नारनौल में शादी में शामिल होने एक प्रवासी युवक के साथ गया था। वापसी के दौरान लेट हो गई थी, इसलिए लाइटों की मदद से घर आ रहा था। भोजावास के पास एक गाय सड़क पर खड़ी हुई थी, जोकि बाइक चालक को सामने वाहनों की लाइटों में दिखाई नहीं दी। नजदीक आने पर बाइक कंट्रोल नहीं हुई तथा जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें रमेश सैनी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अन्य घायल को लोगों ने अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। शहरवासियों ने ताया कि करीब डेढ़ साल पहले मृतक के पुत्र की भी बाइक दुर्घटना में मौत हो गई थी। अब पिता की मौत होने के कारण परिजनों के सामने परिवार के पालन पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## कनीना मंडी में 663 क्विंटल गेहूं खरीदा

**कनीना।** अनाज मंडी में सरकार की ओर से निर्धारित रेट पर शुक्रवार को 663 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि मंडी में 663 क्विंटल गेहूं सरकार की ओर से निर्धारित 2585 रुपय प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपना गेहूं साफ सुथरा लेकर आए। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए बारदाने सहित अनाज मंडी में सभी आवश्यक तैयारी पूरी की गई हैं। खरीदे हुए गेहूं को पीआर सेंटर महेंद्रगढ़ में रखवाया जाएगा। खरीद आरंभ के अवसर पर बीसी जोशी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

### अप्रैल व मई का राशन एक साथ मिलेगा, वितरण शुरू

**नारनौल।** सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले में माह अप्रैल व मई का गेहूं एक साथ वितरित किया जाएगा। लाभार्थी राशन कार्डधारक 30 अप्रैल तक अपने दोनों माह का गेहूं नजदीकी डिपो से प्राप्त कर सकते हैं। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी सावित्री बाई ने बताया कि लाभार्थी राशनकार्ड धारक माह अप्रैल में पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर अप्रैल व मई दोनों माह का गेहूं निःशुल्क तथा माह अप्रैल की चीनी 13.50 रुपये प्रति किलोग्राम प्रति राशनकार्ड व सरसों तेल एक लीटर प्रति राशनकार्ड 30 रुपये प्रति लीटर अथवा दो लीटर प्रति राशनकार्ड 50 रुपसे प्रति लीटर दोनों मात्रा में से कोई एक की दर से 30 अप्रैल तक ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी डिपोधारक किसी भी सूरत में लाभार्थी राशनकार्ड धारकों को कम व अधिक मात्रा में आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं करेगा, तो उस डिपोधारक के खिलाफ सख्त से सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिले में पश्चिमी विक्षोभ का असर: तापमान में आई गिरावट, जनजीवन प्रभावित

# रातभर चली आंधी, देर शाम बारिश से फसलों को नुकसान



नारनौल। देर सायं शहर में हुई बारिश। फोटो: हरिभूमि



मंडी अटेली। अटेली में सायंकाल के समय आसमान में छाए काले बादल। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ तौर पर देखने को मिला। वीरवार रात से ही तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया, जो दिन में जारी रहा। धूलभरी आंधी के कारण जनजीवन प्रभावित रहा और कई जगहों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है, जो उत्तर भारत में अचानक मौसम परिवर्तन लाता है। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और देर शाम होते-होते हल्की से मध्यम बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार रात को भी तेज हवाएं चलीं, जिनकी रफ्तार काफी अधिक थी। रातभर चली इन हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। खेतों में खड़ी गेहूं व कटाई की गई सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की खबरें सामने आई हैं। कई स्थानों पर फसल झुक गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल कटाई का काम जारी है, लेकिन तेज हवा व बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया।

### सावधानी बरतें किसान

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम इसी तरह बना रह सकता है, इसलिए किसानों को सावधानी बरतने और फसल को सुरक्षित रखने के उपाय करने की सलाह दी गई है।

### अटेली में सायं को छाए काले बादल, किसानों की बढ़ी चिंता

**मंडी अटेली।** अटेली में शुक्रवार सायं अचानक मौसम ने करवट बदल ली, जिससे आसमान में घने काले बादल छा गए। हल्की ठंडी हवाओं और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम के इस बदले मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का डर पैदा कर दिया है। इस समय क्षेत्र में फसलों का सीजन अपने अंतिम चरण में है। सरसों की फसल जहां कटकर मंडियों में पहुंच रही है वहीं गेहूं की कटाई का कार्य भी खेतों में तेजी से जारी है। कई किसान अपनी गेहूं की फसल काटकर खेतों में ही सुखाने के लिए छोड़ रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द इसे मंडी में बेचा जा सके। किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश होती है तो गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। बारिश के कारण गेहूं के दाने काले पड़ सकते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी और बाजार में उचित दाम मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा भीगी हुई फसल को संभालना और सुरक्षित रखना भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। मौसम के इस अचानक बदलाव से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं और ईश्वर से साफ मौसम की कामना कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत पर कोई आंच न आए और फसल सुरक्षित रह सके।



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा। जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंडस्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।



# अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

### खबर संक्षेप



## पॉलिटेक्निक में सीटीडीआई का मेगा प्लेसमेंट ड्राइव

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नारनौल में कम्युनिकेशंस टेस्ट डिजाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीटीडीआई) द्वारा आयोजित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में क्षेत्र के तीन प्रमुख पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों की उम्मीद जगाई। इस प्लेसमेंट ड्राइव में नारनौल के अलावा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक धामलावास तथा लिसाना (रेवाड़ी) के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। आंकड़ों के अनुसार, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक धामलावास के 10, लिसाना के 7 तथा नारनौल के तीनों ब्रांचों के 50 विद्यार्थियों सहित कुल 67 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कंपनी की टीम के संस्थान में पहुंचने पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। पूरे परिसर में विद्यार्थियों के बीच खासा उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली।

### पंचायतों की खाली जमीन पर गड्ढे खोदकर देसी खाद तैयार करने की योजना

# यूरिया के विकल्प के रूप में देसी खाद को बढ़ावा दिया जाएगा: धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए अब गांवों में स्वच्छता के साथ-साथ समृद्धि का नया मॉडल तैयार किया जाएगा। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप अब गांवों में यूरिया के विकल्प के रूप में देसी खाद को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए पंचायतों की खाली जमीन पर विकसित भारत जी राम जी योजना से गड्ढे खोदकर खाद तैयार की जाएगी। इससे न केवल गांव स्वच्छ होंगे, बल्कि कृषि को भी नई ताकत मिलेगी। सांसद शुक्रवार को पंचायत भवन में आयोजित डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना के साथ प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांवों में कचरा प्रबंधन के लिए ठोस कचरा प्रबंधन शेड और तरल कचरा प्रबंधन के प्रोजेक्ट्स पर भी तेजी से काम किया जाए। सांसद ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जिले में वित्तीय वर्ष में जल संरक्षण, भूमि विकास और ग्रामीण संपर्क जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर लगभग 896 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने विशेष रूप से अमृत सरोवर योजना की सराहना करते हुए, कहा कि जिले में चिन्हित किए गए सभी 80 तालाबों पर कार्य शुरू हो चुका है, जिनमें से कई का कार्य पूर्ण भी कर लिया गया है। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सांसद का स्वागत किया। बैठक में विधायक कंवर सिंह यादव, बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### सांसद ने ली दिशा की बैठक



**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### 1258 घरों के लक्ष्य के मुकाबले 1203 घर स्वीकृत

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के पक्के घर के सपने को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मील का पत्थर साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 1258 घरों के लक्ष्य के मुकाबले 1203 घर स्वीकृत किए जा चुके हैं। सांसद धर्मबीर सिंह ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर भी बल दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में 1800 से अधिक सक्रिय स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिन्हें रिवॉल्विंग फंड और बैंक लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।



**महेंद्रगढ़।** इंस्पायर अवार्ड योजना में चयन होने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में आरपीएस के तीन छात्र चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत स्कूल के तीन मेधावी छात्रों का चयन हुआ है। चयनित छात्रों में कक्षा 10वीं के इशु कौशिक, कक्षा नौवीं के धैर्य धनवाल और कक्षा नौवीं के ध्रुव शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी व प्रशिक्षक शांतनु ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि यह योजना कक्षा छठी से 12 तक के विद्यार्थियों में कम उम्र से ही विज्ञान के प्रति रुचि जगाने और उन्हें रचनात्मक समाधान ढूंढने के लिए प्रोत्साहित करने का एक मंच है, जिसके अंतर्गत चयनित छात्रों को अपना प्रोजेक्ट और मॉडल विकसित करने के लिए 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाती है।

### विज्ञान आज की जरूरत

*हमें गर्व है कि हमारे बच्चे देश के भविष्य को वैज्ञानिक दृष्टि से संवार रहे हैं। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि विज्ञान और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इन छात्रों ने साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी बड़े से बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकते हैं।*

# पूर्व उप मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर की गोसेवा

### पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पूर्व उप मुख्यमंत्री व जजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गोसेवा व पौधरोपण करके मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्री गोशाला में गायों को गुड़ खिलाया। साथ ही महेंद्रगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवों में पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने की शपथ ली। जजपा जिला प्रधान राजकुमार खातोद से विचार-विमर्श करके पौधरोपण एवं गोसेवा का निर्णय लिया।

इसके बाद इनसो के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन सचिव अभिषेक कुरहावटा की देखरेख में दुष्यंत चौटाला के अनेक कार्यकर्ताओं ने गोसेवा की। शुक्रवार को अनेक कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे शहर के गोशाला रोड स्थित श्री गोशाला पहुंचे तथा वहां पर गोसेवा की। जेजेपी के युवा हल्का प्रधान योगी आदलपुर ने बताया कि दुष्यंत चौटाला ने उप मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अनेक जनहित कार्य किए हैं। निजी औद्योगिक क्षेत्र में युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण भी दुष्यंत चौटाला की देन है। महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण व राशन डिपो की 33 प्रतिशत कमान महिलाओं के हाथों में सौंपना भी उन्हीं की सोच थी।

इस अवसर पर हल्का प्रधान दिनेश तंवर, युवा जिला प्रभारी सरपंच विष्णु डाबड़, कैलाश पालड़ी, कुलदीप जांगड़ा, अमित आदलपुर, अनुज कौशिक, जितेश आदलपुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** गाय को गुड़ खिलाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*



## नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर किया हवन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026–27 के शुभारंभ पर विद्यालय में विधिवत एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। हवन-यज्ञ का संचालन पंडित सतनारायण द्वारा किया गया। उन्होंने वैदिक विधि-विधान के अनुसार हवन संपन्न करवाते हुए छात्रों एवं स्टाफ को इसके आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हवन-यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ हवन में भाग लिया और आहुति देकर नए शैक्षणिक सत्र की सफलता एवं अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समस्त अध्यापकगण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ भी इस धार्मिक आयोजन में पूर्ण रूप से सम्मिलित रहे। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को अनुशासन, कड़ी मेहनत एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार ही विद्यार्थियों को जीवन में सफल बनाते हैं। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि नए सत्र की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा एवं संकल्प के साथ करने से पूरे वर्ष अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

# विवि में संस्थापक स्व. डीसी सिंघानिया की प्रतिमा अनावरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी में संस्थापक स्वर्गीय डीसी सिंघानिया की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक स्वागत एवं तिलक के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड चेयरमैन हरि खेमका मुख्यातिथि रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएस यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन प्रो. डॉ. यतीश अग्रवाल, द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त रेसलिंग प्रशिक्षक डॉ. महासिंह राव, मोदी वर्ल्ड स्कूल झुंझनू अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने शिरकत की। इसी दौरान हरि खेमका एवं संस्था चेयरमैन रवि सिंघानिया द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन रवि सिंघानिया ने की। सिंघानिया संस्थान के लिए पांच नई बसों का उद्घाटन कर उन्हें औपचारिक रूप से समर्पित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। संस्था अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि रवि सिंघानिया संस्थान को आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत हैं तथा शेखावाटी क्षेत्र से जुड़ाव बढ़ाने के लिए हर संभव पहल कर रहे हैं। डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर होने के बावजूद स्व. डीसी सिंघानिया अपनी मातृभूमि की ओर लौटे और एक बंजर भूमि पर इतने बड़े शिक्षा संस्थान की स्थापना की।



**नारनौल।** प्रतिमा का अनावरण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विजेताओं को नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में पदक विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रसिद्ध मूर्तिकार मातूराम को भी सम्मानित किया, जिनके इस प्रतिमा का निर्माण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह को जीवंत एवं यादगार बना दिया। अंत में सभी अतिथियों के साथ समूह फोटो और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर एक साल तक दी जाएगी पेंशन




**नांगल चौधरी।** केएल मेमोरियल स्कूल इस्लामपुरा के संचालक सुभाषचंद गुर्जर ने एक सराहनीय परंपरा की नींव रखी है। उन्होंने स्कूल के सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मदनलाल को एक साल तक पेंशन व 61 हजार प्रोत्साहन राशि मुहैया कराई है। स्कूल प्रबंधन कमेटी के निर्णय से स्टाफ कर्मी उत्साहित हैं, वहीं ग्रामीणों ने उदार मानवता का उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक चाहे निजी संस्थान का हो या सरकारी उसका मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रसार करना होता है। निजी स्कूलों के बेहतर परिणामों के पीछे शिक्षकों की मेहनत व समर्पण ही सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त शिक्षक मदनलाल ने पिछले 16 वर्षों तक विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। उनके पढ़ाए हुए विद्यार्थी लगातार टॉपर रहे हैं, जिससे स्कूल का नाम भी रोशन हुआ है।

# यदुवंशी कॉलेज के बीसीए तृतीय सेमेस्टर के तीन छात्रों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने टॉप 10 सूची में कब्जा किया। इस उपलब्धि में नवनीता पुत्री कृष्ण कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं मनीष पुत्र सतीश कुमार ने चौथा और मनीष पुत्र प्रदीप कुमार ने आठवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ संस्था का भी नाम रोशन किया। इस विशेष उपलब्धि के अवसर पर संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह सफलता केवल छात्रों की नहीं, बल्कि पूरे संस्था और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करन सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्रिंसिपल बबरुभान ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह परिणाम संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को एक बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है।





### अन्नू यादव ने नेट जेआरएफ व सीटेट कर रचा इतिहास

**नारनौल।** गांव भांखरी की बेटी अन्नू यादव ने एक ही साल के भीतर देश की दो प्रतिष्ठित परीक्षाओं नेट जेआरएफ और सीटेट को अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



दोहरी सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर अन्नू यादव ने दिसंबर 2025 में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की थी। इस बड़ी उपलब्धि के तुरंत बाद उन्होंने अपनी एकाग्रता बनाए रखी और फरवरी 2026 में आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा को भी पहले ही प्रयास में पास कर लिया। ग्रामीणों व परिजनों ने मिठाई खिलाकर अन्नू की मेहनत को सराहा। अन्नू यादव ने इसका श्रेय अपने परिवार व शिक्षकों को दिया है।

## मॉडर्न स्कूल की छात्रा ने टीवी शो कार्यक्रम में दी प्रस्तुति



**महेंद्रगढ़।** छात्रा को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न स्कूल भोजावास की छात्रा परी पुत्री महेश कुमार ने डांस प्रतियोगिता में अपनी लगन, मेहनत और निरंतर अभ्यास से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चंडीगढ़ में केके एचडी किसमें कितना है दम, टीवी रियलिटी शो द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के ग्रांड फाइनल राष्ट्रीय शो में परी ने शानदार प्रदर्शन कर मॉडर्न स्कूल भोजावास का नाम रोशन किया। इससे पहले परी ने कनीना और अलग-अलग स्थानों पर आयोजित प्रारंभिक इंटरमीडिएट राउंड को सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। छात्रा परी की इस उपलब्धि पर संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, अध्यापक रामसिंह, राकेश कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव ने छात्रा परी व उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केके एचडी शो एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो न केवल एक डांस के शो को, बल्कि पेंटिंग, ड्राइंग, गीद्दा, भंगड़ा डांस, कैलीग्राफी और अलग-अलग प्रतिभाओं को निखारने के अवसर प्रदान करता है।

### 1.80 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों को प्रति किलोवाट 55 हजार की सब्सिडी

# पीएम सूर्य घर योजना : सांसद ने 13 लाभार्थियों को सौंपे 6.5 लाख रुपये की सब्सिडी चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शुक्रवार को सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने दिशा बैठक के दौरान 13 लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित किए। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली बिलों से निजात दिलाएगी, बल्कि उन्हें खुद का बिजली उत्पादक बनने का अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा को अपनाकर हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत भी कर सकते हैं।

हरियाणा में इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर भारी अनुदान दे रही हैं। योजना के प्रावधानों के अनुसार 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को प्रति किलोवाट 30000 रुपये केंद्र सरकार की ओर से तथा 25000 रुपये राज्य सरकार से सहायता मिल रही है। वहीं 1.80 लाख से तीन लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों को भी राज्य सरकार की ओर से प्रति किलोवाट 10000 रुपये की अतिरिक्त मदद दी जा रही है। यह वित्तीय सहायता अधिकतम दो किलोवाट तक के लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। इस मौके पर विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, एसई जोगेंद्र हुड्डा, एक्सईएन शिवराज सिंह, एक्सईएन रणवीर सिंह मौजूद थे।




**नारनौल।** लाभार्थियों को चेक वितरित करते सांसद धर्मबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### 120 को अतिरिक्त सब्सिडी जारी

नारनौल सर्कल में इस योजना के तहत अब तक पूरे सर्कल में 3808 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1437 घरों में सोलर सिस्टम लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। अकेले नारनौल डिवीजन में 711 व महेंद्रगढ़ डिवीजन में 726 घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। विभाग की ओर से अब तक 1240 लाभार्थियों को केंद्र की सब्सिडी तथा 120 लाभार्थियों को राज्य की अतिरिक्त सब्सिडी जारी की जा चुकी है।

## प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का होगा संचार: पारस बंसल



**नांगल चौधरी।** उत्साह व्यक्त करते नॉन बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थी।

**नांगल चौधरी।** शिक्षण संस्थानों में धार्मिक अनुष्ठानों से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के अनुसरण व सकारात्मक ऊर्जा का संचार मिलता है। इसके अलावा हवन में डाली गई आहुति वातारण को स्वच्छ बनाती है, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य को सुरक्षा मिल सकेगी। उक्त विचार जय अम्बे मां उच्च विद्यालय में चेयरमैन पारस बंसल ने शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में स्कूल के विद्यार्थियों ने निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं और हमेशा अव्वल स्थान हासिल किया है। बीते वर्ष भी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक टॉपर का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं व शिक्षा स्तर की सराहना की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के इस प्रयास को सराहनीय बताया, जो ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रहा है।

नीलामी सूचना
रा.मा.सं.व.मा. विधालय धौलेडा (3870) खण्ड नांगल चौधरी, महेंद्रगढ के विधालय भवन के पांच जर्जर कमरों के सामान की खुली बोली ,द्वारा नीलामी सोमवार दिनांक 06.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे विधालय प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में रूपए 40000 नीलामी के दिन विधालय मुखिया के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी से संबंधित अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएगी। विधालय कमेटी का फैसला अन्तिम होगा। प्राचार्य एवं विधालय प्रबंधन समिति रा.मा.सं.व.मा. विधालय धौलेडा, खण्ड नांगल चौधरी, महेंद्रगढ 8053916230 Email : gmssd-holera25@gmail.com

Govt. Middle School, Bhojawas (4680) Nangal Choudhary
नीलामी सूचना
राजकीय माध्यमिक विद्यालय, भोजावास खंड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ के जर्जर भवन के कमरो व बरामदे को तोडने एवं पुराने सामान की नीलामी खुली बोली द्वारा 20 अप्रैल को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। इच्छुक बोली दाता को 8 हजार रूपए की राशि सिक्योरिटी स्वरूप स्कूल मुखिया के पास जमा करानी होगी। बोली की शेष शर्ते मौके पर बता दी जाएगी। स्कूल कमेटी का फैसला अंतिम होगा।
मौलिक मुख्याध्यापक एवं एसएमसी राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजावास, खंड नांगल चौधरी
मो. 9350472106
Email: gmsbhojawas46@gmail.com

## खबर संक्षेप



### सिसोठ में हनुमान जयंती पर लगाया भंडारा

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में बाबा जाखदेव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दलीप सिंह पुत्र मोहर सिंह ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों एवं मित्रों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि सुबह सवा सात बजे हवन किया गया, बालाजी महाराज को भोग लगाकर सभी को बैठाकर भंडारे का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर सुरत सिंह चेयरमैन, सरपंच बीरेन्द्र, संदीप पंच, शमशेर सिंह प्रधान, ओमप्रकाश, दयाचंद, सुरेंद्र सिंह, महेश, प्रधान रविंद्र पाल, सचिव सूबेदार सतबीर सिंह मौजूद रहे।



### सैनी हाई स्कूल में हुआ सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** सैनी क्षत्रिय सभा द्वारा संचालित सैनी हाई स्कूल में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज शास्त्री हरिशंकर गोस्वामी द्वारा कराए गए गणेश पूजन से हुआ। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने मधुर आवाज में हनुमान जी के भजनों से समां बांध दिया। कलाकारों ने दुनिया चले न श्रीराम के बिना, राम जी चलें न हनुमान के बिना, गाया तो पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके पश्चात बजरंग बली मेरी नाव चली, अब पार लगा देना जैसे भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। अंत में सिर पर सोहे मुकुट विराजे, कांधे मूंज जनेऊ साजे के गायन पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए।

---

*रेवाड़ी से जयपुर वाया नीमराणा नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मिली मंजूरी*

# रेलमंत्री से मिलकर सांसद चौधरी धर्मवीर ने उठाई मांग, सिरे चढ़े तो बने बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दक्षिण हरियाणा और राजस्थान के बीच रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल मंत्रालय ने रेवाड़ी से जयपुर तक वाया नीमराणा प्रस्तावित नई रेल लाइन परियोजना के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) को मंजूरी दी है। इसके बाद अटेली-नारनौल रेलवे स्टेशन को नीमराणा से जोड़ने के लिए जनता की आवाज को हरिभूमि ने उठाया। हरिभूमि ने 24 मार्च के अंक में " महेंद्रगढ़-नारनौल को औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से रेल




हरिभूमि इंपेक्ट
हरिभूमि
महेंद्रगढ़-नारनौल को औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से रेल कनेक्टिविटी से जुड़ने की जगी आस
नई मंजूरी से यह होगा लाभ

नारनौल। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व 24 मार्च को प्रकाशित समाचार। फोटो : हरिभूमि

कनेक्टिविटी से जुड़ने की जगी आस" खबर प्रकाशित की थी। अब दो दिन पहले ही सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और नीमराणा से अटेली होते हुए महेंद्रगढ़ और दादरी को जोड़ने का मांग रखी है। शुक्रवार मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद ने यह जानकारी दी। सांसद ने यहां तक कहा कि वह अपनी तरफ से योजना सिरे चढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे।

रेल मंत्रालय ने रेवाड़ी से जयपुर वाया नीमराणा नई रेल लाइन परियोजना के लिए एफएलएस की मंजूरी दी है। करीब 191 किलोमीटर लंबी इस प्रस्तावित रेल लाइन के लिए सर्वे कार्य पर लगभग 5.73 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस मंजूरी के साथ अब परियोजना के क्रियान्वयन की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है और जल्द ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इस मंजूरी के बाद अब महेंद्रगढ़ और नारनौल के बीच और जिला के इन दोनों शहरों के जुड़ाव के बाद नीमराणा से रेल कनेक्टिविटी करने की आस जग गई है। ऐसे में अब सांसद के साथ-साथ जिला के सत्ताधारी नेता इस मांग पर भागदौड़ करें तो रोजगार के साथ-साथ रेल सुविधा का लाभ महेंद्रगढ़ जिला के लोगों को भी मिल सकता है।

**रोजगार के साथ रेलवे सुविधा का मिल सकेगा लाभ**

राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से महेंद्रगढ़ जिला सटा है। महेंद्रगढ़ और नारनौल के बीच रेलवे लाइन नहीं है। अटेली, नारनौल व निजामपुर रेलवे स्टेशन एक ही लाइन पर है। अभी जिला के लोगों को रोजगार की तलाश में गुरुग्राम जाना पड़ रहा है। कारण, वहां पहुंचने की राह आसान और सुलभ है। ऐसे में महेंद्रगढ़ को नारनौल से जोड़ते हुए आगे नीमराना या बहरोड़ तक नई रेल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाता है तो युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। नया व्यापार भी हो सकता है। लॉजिस्टिक हब का भी औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से जुड़ाव आसान हो जाएगा। रेल लाइन बनने से स्थानीय व्यापारियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। परिवहन लागत कम होगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। रेल लाइन के आसपास नए कस्बों और बाजारों का विकास होगा। इससे जमीन के दाम बढ़ेंगे और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। यहीं नहीं, जिला में शायद ही ऐसा कोई परिवार हो, जिनकी रिश्तेदारी बहरोड़, अलवर, कोटपुतली व जयपुर रूट पर ना हो। रिश्तेदारियों में भी आसानी से कम बजट में पहुंचा जा सकेगा।

---

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# बेमौसम बारिश, तेज हवा से फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





नारनौज। उपायुक्त कार्यालय के सुपरिटेंडेंट को ज्ञापन सौंपते संगठन सदस्य व जैलाफ खोड़मा में आंधी व बेमौसम बारिश से बिछी गेहूं की फसल।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी की ओर से उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं से फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति हेतु किसानों को प्रति एकड़ 30 हजार रुपसे मुआवजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त के मार्फत कार्यालय के सुपरिटेंडेंट को सौंपा। इससे पूर्व प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने कहा कि पहले ही गांव में मुनादी करवा प्रभावित किसानों के उपस्थित में हर गांव व हर खेत में की स्पेशल गिरदावरी तत्काल प्रभाव से करवाई जाए तथा नुकसान की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर शत प्रतिशत मुआवजा दिया जाए

कामरेड अभय सिंह चन्दपुरा ने कहा कि ज्यादातर किसान छोटी जोत के है और सोसायटियों या बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं। उन्होंने सरकार से जनहित में मुआवजा पॉलिसी में बदलाव की मांग की, क्योंकि सरकार 33 प्रतिशत से कम फसलों के नुकसान को नुकसान की परिभाषा में नहीं मानती। अभय सिंह ने यह भी मांग की कि किसान का जितना भी नुकसान हुआ है, उसी अनुपात में मुआवजा राशि दी जाए। उन्होंने फसलों के खराबे का मुआवजा सरकार अपने खजाने से करने की मांग की, क्योंकि बीमा कंपनियों का नजरिया कभी भी किसान हितैषी नहीं रहा। उन्होंने मांग की कि किसानों की कर्ज वसूली स्थगित की जाए और फसलों की समूची खरीद सरकार लागत खर्च से डेढ़ गुना दाम पर की जाए। किसानों को प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाए। इस मौके पर डॉ. व्रतपाल सिंह, कामरेड अभय सिंह चन्दपुरा, ईश्वर सिंह तोताहेड़ी, जयनारायण यादराम कोरियावास, छाजूराम रावत, मास्टर बलवंत सिंह सागरपुर सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

**किसानों को कम्पनियों के हवाले न छोड़ें**

*ज्ञापन में कहा कि गत दिनों बहुत तेज हवाओं, बारिश व ओलावृष्टि से जिले के कई इलाकों, गांवों के खेतों में सरसों, गेहूं व अन्य फसलों की हानि हुई है। जिसमें फसलों का नुकसान हुआ है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर सगठन की मांग है कि पहले से गांव में मुनादी करवाकर प्रभावित किसानों की उपस्थिति में गांव व हर खेत की स्पेशल गिरदावरी तत्काल प्रभाव से करवाई जाए। यदि किसी गांव या किसी खेत में न्यूनतम भी नुकसान हुआ, तो उसे भी रिकार्ड पर लिया जाए। ज्ञापन में कहा कि तेज हवाओं से फसल पसर जाने से उसकी कटाई पर सामान्य से दोगुना से ढाई गुना ज्यादा मजदूरी का खर्च आता है और गेहूं की बाल तथा सरसों की फली झड़ जाती हैं। चाहे कहीं ओले कम भी पड़े हों, लेकिन उसका नुकसान कुछ दिन बाद देखने में आता है।*

---



नारनौल। रक्तदाता को बैज लगाते वासुदेव यादव। फोटो : हरिभूमि

# जन्मदिन पर लगा कैंप 102 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ दो महिला डॉक्टर ने भी कैंप में रक्तदान किया

नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप व किशनलाल शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया की बिटिया डॉ. वेदिका गोगिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में निजी हॉस्पिटल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 102 यूनिट एकत्रित हुई। जिसमें दो महिला डॉक्टर ने भी रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा वासुदेव यादव थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल पूर्व उपाध्यक्ष मदनलाल गोगिया व डॉ. विनीत यादव ने संयुक्त रूप से की। विशिष्ट अतिथि राजकुमार यादव, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी, डीएमसी रणबीर सिंह, कपिल कुमार, कौशल जांगिड़, नरेश यादव पटीकरा रहे।

मुख्यअतिथि वासुदेव यादव ने कहा कि हर स्वस्थ युवाओं व महिलाओं को साल में कम से कम तीन बार रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा कोई दान नहीं होता। रक्तदान शिविर में आए हुए अतिथियों ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, ये तो मानव शरीर से ही उत्पन्न होता है। मनीष गोगिया में आए हुए अतिथियों को संस्था की तरफ से स्मृति चिह्न व पटका पहनाकर सम्मानित किया। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व जिला बाल विकास अधिकारी विपिन शर्मा ने कहा कि मनीष गोगिया के मार्गदर्शन में युवाओं की टोली रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है।

---

# सांसद धर्मवीर सिंह ने सुनीं जनता की समस्याएं, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ भिवानी सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

कार्यक्रम में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, हुड्डा, पंचायत विभाग, सैनिक सदन, शहर में लेडिज टॉयलेट बनाने की व्यवस्था समेत विभिन्न समस्याएं सांसद व जिला अध्यक्ष के सामने रखी। सांसद ने कुछ का निपटारा मौके पर ही किया और कुछ समस्याओं का संबंधित




नारनौल। समस्याएं सुनते सांसद धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

अधिकारियों को पंचायत भवन में आयोजित दिशा बैठक में शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस मौके पर महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, वाइस चेयरमैन मार्केट कमेटी सुरेश चौधरी, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, किशनलाल बोहरा, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव, जिला मंत्री संदीप मालडा, मनीष संघी, संजय अमन, डॉ. अनिल सैनी, मंजीत यादव, जेपी सैनी आदि मौजूद रहे।

---

# गोविंद भारद्वाज दूसरी बार बने लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन के पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज को एक बार फिर से बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारीयों व कार्यसमिति के सदस्यों की विधिवत घोषणा की है। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद भारद्वाज को उन्होंने दूसरी बार अपनी टीम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति को लेकर गोविंद भारद्वाज ने कहा कि उन्हें लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद कैलाश सोनी की तरफ से जिम्मेदारी दी गई है, उसको लेकर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हैं। गोविंद भारद्वाज ने कहा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। भारद्वाज ने यह उम्मीद जताई कि नई राष्ट्रीय कार्य समिति हरियाणा लोकतंत्र सेनानी संघ को भी विधिवत मान्यता देकर सक्रिय करने का काम करेगी। भारद्वाज ने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर हरियाणा में लोकतंत्र सेनानियों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की मांग भी करेंगे।

---

# डीएसटीए राष्ट्रीय स्तर की रैली में एसोसिएशन होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दिल्ली के रामलीला मैदान में चार अप्रैल को टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट के विरोध में हो रही राष्ट्रीय रैली में डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा भी बढ़ चढ़कर भाग लेगी। इस बारे में डीएसटीए के राज्य सचिव महेश यादव ने हिसार में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति में बताया कि जो इजिबिलिटी टेस्ट आरटीई लागू होने से पहले लगे अध्यापकों पर थोपा गया है, उसका विरोध करते हैं।

उन्होंने रामलीला मैदान में होने वाली विरोध स्वरूप प्रदर्शन व रैली में डैमोक्रेटिक स्कूल टिचर्स



नारनौल। बैठक करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एसोसिएशन की तरफ से हरियाणा के अध्यापकों को रैली में पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा है कि सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की आड़ में शिक्षकों को प्रताड़ति करने के लिए टीईटी की परीक्षा लेने का जो फैसला लिया गया है, वह सरासर गलत है। अध्यापक पहले ही बहुत अधिक परीक्षाओं से गुजरकर पद के लिए अपनी योग्यता साबित करके नियुक्ति प्राप्त करता है और सालों साल का अनुभव भी आज उसके पास है, क्या इससे बढ़कर भी कोई योग्यता हो सकती है।

---

**सीआईए की बड़ी कार्रवाई** | **मंढाणा गांव के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने हासिल की सफलता**

*आरोपित पर पहले से ही हत्या के प्रयास सहित चार मामले दर्ज हैं*

# चोरी की कार और मंदिर से चुराए गए दो लाख रुपये के साथ आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीआईए ने एक शातिर व आदतन आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीम ने उससे एक चोरी की गाड़ी व मंदिर के दानपात्र से चुराए गए लाखों रुपये बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित पर पहले से ही हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित चार अन्य जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीआईए नेशनल हाईवे 148 बी पर गांव मंढाणा के पास गश्त कर रही थी, तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की गाड़ी में आ रहा है और उसने जयपुर के पास एक मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी भी चुराई है।

सूचना को पुख्ता मानकर सीआईए की टीम ने तुरंत मंढाणा गांव के पास नाकाबंदी कर चैकिंग शुरू कर दी। कुछ



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

ही समय बाद नांगल चौधरी की तरफ से गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी को देखकर चालक घबरा गया और गाड़ी को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम लखविन्द्र सिंह निवासी बधेरा थाना हरोली जिला ऊना हिमाचल प्रदेश बताया। पुलिस की ओर से गाड़ी के कागजात मांगने पर वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह गाड़ी उसने पांच दिन पहले हिमाचल प्रदेश के ऊना से चुराई थी। इसके बाद उसने 31 मार्च की रात को चंदवाजी ग्रामीण जयपुर स्थित सेवड़ा माता मंदिर का दानपात्र तोड़कर वहां से नकदी चुराई और उसे प्लास्टिक के कट्टे में भरकर गाड़ी में रख लिया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें रखे प्लास्टिक के कट्टे से भारी मात्रा में चोरी किए गए नोट व सिक्के बरामद हुए।

**आरोपित से रिमांड के दौरान स्कूटी, नकदी बरामद**

नारनौल। सीआईए ने मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एक नाइजीरियाई सप्लायर सहित कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। विदेशी नागरिक को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था, ताकि नशे के कारोबार के अन्य स्रोत का पता लगाया जा सके। रिमांड अवधि के दौरान गहन पूछताछ में सीआईए ने आरोपित से 18500 रुपये की नकदी व एक स्कूटी बरामद कर जब्त की है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने आरोपित के पास से 32300 रुपये के बच्चों के खेलने वाले फुल ऑफ फन लिखे हुए नकली नोट भी बरामद किए हैं। आरोपित को आज पुनः न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

